एक सरदार बोला कि सब लोग कहते है कि सरदार 12:00 बजे पागल होते है तो एक दिन सरदार ने कहा कि आज हम दिखाते है कि हम पागल नहीं। तो जब वह घंटाघर पहुँचे और जब 12:00 बजा तो सब नाचने लगे कि हम पागल नहीं हुए, तो सब आदमियों ने सोचा कि सरदार पागल हो गये।

हिशे, कक्षा सात

पहेलियाँ

1. गंजा है पर मानव नहीं, चलता है पर पैर नहीं।
   चाँद

2. मारते है पर कुछ दर्द नहीं, गोल है पर चौकोर नहीं।
   फुटबाल

3. खुश्बू है पर फूल नहीं, जलती है पर ईर्ष्या नहीं।
   अगरबत्ती

4. दिन को सोए, रात को रोए, जितना रोए, उतना खोए।
   मोमबत्ती


5. मारने का डंडा, खाने की मिठाई, हमने वह अपने खेत में उगाई।
   गन्ना

शुभम नैथानी, कक्षा छः

ऐसे बनो

योगी बनो	–पर रोगी नहीं।
बलवान बनो	–पर दुष्ट नहीं।
खरे बनो	–पर खारे नहीं।
सरल बनो	–पर मूर्ख नहीं।
सावधान बनो	–पर वहमी नहीं।
उत्साही बनो	–पर जल्दबाज नहीं।
न्यायी बनो	–पर निर्दयी नहीं।
चतुर बनों	–पर कुटिल नहीं।
समालोचक बनों	–पर निन्दक नहीं।
साहसी बनों	–पर कायर नहीं।

जोहा खान, कक्षा छः



यह है मेरा हैम्पटन कोर्ट स्कूल

यह है मेरा हैम्पटन कोर्ट स्कूल,
सच्चाई के पथ पर गौरव के,
जहाँ खिलते है फूल,
यह है हैम्पटन कोर्ट स्कूल।

मसूरी का यह स्कूल है न्यारा,
जन–जन का यह है राज दुलारा,
इसे मिले सहयोग सभी का,
तभी प्रगति अनुकूल,
यह है हैम्पटन कोर्ट स्कूल।

भेदभाव का यहाँ अभाव,
शिक्षा का है सही प्रभाव,
खेल – कूद – शिक्षा – चरित्र,
सभी को देता है मूल,
यह है हैम्पटन कोर्ट स्कूल।

गर्व हमें है, ऐसी नैया,
जिसकी पतवार बड़ी मजबूत,
हैम्पटन कोर्ट स्कूल हमारा,
जहाँ खिले हम जैसे फूल,
इसको तुम मत जाना भूल,
यह है हैम्पटन कोर्ट स्कूल।

जोहा खान, कक्षा छः

आँखों में क्या है ?

माँ की आँखों में	–ममता
पिता की आँखों में	–कर्त्तव्य
भाई की आँखों में	–स्नेह
बहन की आँखों में	–प्रेम
गुरू की आँखों में	–ज्ञान
गरीब की आँखों में	–बेबसी
विद्यार्थी की आँखों में	–जिज्ञासा

जोहा खान, कक्षा छः



हिन्दी भाषा

हिन्दुस्तान में हो गया, हिन्दी का यह हाल।
हिन्दी मास मनाएं हम, बिना चूके हर साल।।
हिन्दी का स्मरण हो, वर्ष में बस एक माह।
बाकी पूरे वर्ष हिन्दी भरती रहे आह।।

अंग्रेजी का हो रहा है ऐसा भूत सवार।
संडे–संडे सब रट रहे है भूल गए रविवार।।
अब बाबूजी मर गए और जिन्दा हो गए डैड।
आत्मीयता भी हो गई अंग्रजों में कैद।।

जो बोले हिन्दी यहाँ, समझें उसको हीन।
अंग्रेजी के सामन, हिन्दी की तौहीन।।
माना अच्छी बात है हर भाषा का ज्ञान।
किंतु कहाँ तक उचित है हिन्दी का अपमान।।

हिन्दी के उपयोग में क्यों अपना संकोच।
किस भाषा में पाओगे हिन्दी जैसा लोच।।
हिन्दी तो बन कर रहे हर भाषा का ताज।
हमने उसको कर दिया पश्चिम का मोहताज।।

क्यों ये हिन्दी दिवस है क्यों ये हिन्दी मास।
क्या इतना सा रहेगा हिन्दी का इतिहास।।
हिन्दी की बातें करें हिन्दी में ही काम।
तब ही हिन्दी पाएगी सम्मानित सम्मान।।

प्रिंयका राना, कक्षा सात

मिन्टो फ्रेश की ताजगी

एक दिन भारत और पाकिस्तान के बीच हो रहा था मैच,
पाकिस्तान को एक ओवर में चाहिये थे आठ रन।
अफ्रीदी था बैटिंग पर और, पठान था बोलिंग पर।
अफ्रीदी था जोश में और,
पठान था होश में।
पठान ने कराई बोलिंग और,
अफ्रीदी ने मारा छक्का।
पठान को आया गुस्सा और,
पठान ने खाई मिन्टों फ्रेश।
इससे बॉल भी हुई ईमप्रेस और
पठान ने करवाई बॉल और
अफ्रीदी हुआ आउट।
इस तरह इन्डिया ने जीता मैच और,
इस बार भी पठान ने कुछ नहीं किया
जो किया मिन्टों फ्रेश की ताजगी ने किया।

याद रहे जब पठान को जीतना था इन्डिया को मैच
तो पठान ने खाई मिन्टों फ्रेश बोले तो एकदम फ्रेश

अंशुल धीमान, कक्षा सात

पाँच बातें

- ऋण हो–ऐसा खर्च मत करो
- पाप हो–ऐसी कमाई मत करो
- कलेश हो–ऐसा मत बोलो
- चिन्ता हो–ऐसा काम मत करो
- रोग हो–ऐसा मत खाओ


हिमानी मित्तल, कक्षा आठ

मानवता

मानवता का अर्थ आज मुझे है जानना
क्या मानवता का अर्थ है,
मानवता को पछाड़ना
हैं यदि यही मानवता तो
नहीं है मुझे जानना
क्या मानवता का ही है दुश्मन मानव
हैं यदि इसका अर्थ यही
तो कितना मुश्किल है
मानवता को है वही
जो मानवता को पहचाने
मानवता की पहचान से ही
अपनी पहचान बनाए।।

स्पर्शी कान्त, क्षा नौ

मानव जीवन में वन एवम् वन्य प्राणियों का महत्व



मानव जाति अपने उद्‌भवकाल से ही प्रकृति प्रेमी रही है। आदिकाल में मानव ने प्रकृति की गोद में ही जन्म लिया और उसी से अपने भरणपोषण की सामग्री प्राप्त की। सभी प्रकार के वन्य या प्राकृतिक उत्पादन ही उसके जीवन ओर जीविका के एकमात्र साधन थे। प्रकृति ने ही मानव को सरक्षण प्रदान किया। हिंसक पशुओं की मार से बचने के लिए मानव ने ऊँचे– ऊँचे वृक्षों का सहारा लिया। वृक्षों के मीठे फल खाकर अपनी भूख को मिटाया। सूर्य की तीव्र गर्मी से बचने के लिए उसने शीतल छाया प्रदान करने वाले वृक्षों का सहारा लिया। रामचन्द्र, सीता व लक्ष्मण ने भी पंचवटी नामक स्थान पर कुटिया बनाकर वनवास का लम्बा समय व्यतीत किया था।

गुप्तजी के शब्दों में–
'पंचवटी की छाया में है सुंदर पर्ण कुटीर बना।' वृक्षों की लकड़ी से मानव अनेक लाभ उठाता रहा हैं। जैसे–वैसे वृक्षों की उपयोगिता भी बढ़ती गई। उसने लकड़ी की ईधन के रूप में प्रस्तुत किया। मकान व झोपड़ियाँ बनाई। विलो वृक्ष से क्रिकेट बल्ले बनाए जाते हैं इस प्रकार लकड़ी का विविध रूपों में प्रयोग होता है जिसका वर्णन करना सरल नहीं है।

वृक्षों की लकड़ी तथा उसके उत्पाद जैसे औषध निमार्ण, कागज, रबड़ आदि। यूकेलिप्टस, कुचल, पीपरमेंट क्लोरोफार्म, सर्पगंधा, शंखपुष्पी, भाँग, सिनकोना आदि वृक्षों से दवाई बनाई जाती है। पिंपरी और ऋषिकेश के दवा कारखाने इसी पर आधारित हैं। कागज, जो कि वर्तमान शिक्षा का आधारभूत पदार्थ है, नरम लकड़ी के वृक्ष तथा घास, मूँज भाभर आदि से बनाया जाता हैं इसी तरह कत्था, दियासलाई, बीड़ी आदि उद्‌योग केवल वनों पर आधारित हैं।

इस प्रकार वनों से हमें विभिन्न प्रकार के फायदे है जीवनदानी ऑक्सीजन पेड़ो से प्राप्त होती हैं अनेक ज्वलनशील ईधनों के जलन से कार्बन–डाई–ऑक्साइड तथा अन्य घातक गैसे पैदा होती है। वृक्ष इन गैसो को शोषित कर उनके प्रभाव को कम करते है, वृक्षों के आधिक्य से बाढ नियंत्रण में सहायता मिलती है। मृदाक्षरण में भी वृक्षों का योगदान महत्वपूर्ण है।

वनों के भौतिक पहलू के अतिरिक्त आध्यात्मिक क्षेत्र भी है। वनों की शोभा नयनाभिराम होती है। जंगलों में रंग बिरंगे फूल, पक्षियों की मधुर कलरव तथा पशुओं का विचरण, मानव मन को मोहित कर लेते हैं। कालिदास ने ऋतुसंहार की रचना प्रकृति में रहकर की, सुमित्रानंदन पंत ने खुद स्वीकार किया है कि प्राकृतिक सुषमा में रहने के कारण ही वे काव्यसृजन की प्रेरणा पा सके। वनों के महत्व को समझते हुए हमारे पूर्वजों ने इनकी अराधना पर बल दिया। पीपल की पूजा का प्रमाण सिंधु घाटी की सभ्यता से मिलता है। नीम का वृक्ष गुणकारी होने के कारण गाँवों के कुएँ, तालाबों के निकट आज भी पाया जाता है।



केवल यही नहीं, वन्य प्राणियों का महत्व भी मानव जीवन में कम नहीं हैं। वनों में विभिन्न प्रकार के जानवर–शाकाहारी, माँसाहारी, हिंसक, अहिंसक पाए जाते है। अनके प्रकार के छोटे–बड़े पक्षी मिलते हैं। मानव का पशुओं से संबध आदिकाल से रहा है। कुत्ता मानव का सबसे पुराना पालतू पशु हैं, घोड़े, हाथी आदि का प्रयोग बोझा ढोने के लिए किया जाता है। हाथी का उपयोग किले तोड़ने तथा शत्रु सेना को रौंदने में किया जाता है, घोड़े की तेज गति के कारण मध्यकाल में विदेशी आक्रमणकारी भारत में अपना साम्राज्य बनाने में सफल हुए। मनोरंजन में भालू, बंदर आदि प्राचीनकाल से काम आ रहे है। कस्तूरी का औषधि में प्रयोग किया जाता है। इसी प्रकार सर्कस जीव–जंतुओं के बिना अधूरा है।

वन व वन्य प्राणी मानव जीवन की आधारशील है, मगर आज मानव, प्रकृति की दौड से विनाश करता जा रहा है। हजारों, लाखों वृक्ष प्रतिवर्ष कट रहे है। परिणामस्वरूप पशुओं का आश्रय स्थल सिकुड़ता जा रहा है। अंधाधुंध शिकार की वजह से प्रजातियाँ नष्ट हो गई है। जहाँ कभी पक्षियों का कलरव गूँजा करता था, आज वहां कंकरीट के जंगल उग आए है।

आज जरूरत है उन प्रजातियों को बचाने की जो विनाश के कगार पर खड़ी है। ये हमारा जीवन है हमें यह कार्य संस्थाओं के भरोसे ने छोड़कर आम जनता को जागृत करना चाहिए ताकि इस संपदा की रक्षा हो सके।

–अपूर्व पंत, कक्षा आठ



खा जाता हैं

गुस्सा	–अक्ल को खा जाता हैं।
अंहकार	–मन को खा जाता हैं।
चिता	–आयु को खा जाती हैं।
रिश्वत	–इंसाफ को खा जाती हैं।
लालच	–ईमान को खा जाता हैं।
डर	–इंसान को खा जाता हैं।

हिमानी मित्तल
कक्षा आठ


धन

से खरीदा नहीं जा सकता

बिस्तर	–पर नींद नहीं
पुस्तक	–पर मस्तिक नहीं
भोजन	–पर भूख नहीं
औषधि	–पर स्वास्थ नहीं
मकान	–पर घर नहीं
मनोरंजन	–पर सुख नहीं
आनन्द	–पर शान्ति नहीं

हिमानी मित्तल, कक्षा आठ

पाश्चात्य संस्कृति के मूल्य की हमें विकास की दौड में आगे ले जाते है



यदि प्रातः का सूरज पूरब में उगता है तो विकास का सूरज निःसंदेह पश्चिम में उगता है। आज जब हम Global Family की बात करते है तो पाते है कि दुनिया के सभी देश किसी न किसी रूप में इससे प्रभावित रहे हैं, चाहे वह संस्कृति की बात हो, विकास की बात हो या फिर जीवन – मूल्यों की बात हो। पाश्चात्य संस्कृति ने मानव सभ्यता को सदैव एक नई राह दिखाई है।

आज अगर हम इतिहास मे पन्नों में झाँककर देंखे तो पता चलता है कि पश्चिम से आए वैज्ञानिकों तथा समाज सुधारकों ने पूरब की संस्कृति पर ऐसी अमिट छाप छोड़ी हैं कि आज भी हम न जीवन मूल्यों का परित्याग करने की नहीं सोच सकते हैं। आज अगर हम चन्द्रमा पर जीवन बसाने की सोच रहे हैं तो उसके पीछे भी पश्चिम की ही देखादेखी तथा प्ररेणा है। पाश्चात्य संस्कुति ने मानव – संस्कृति के विकास का आधार तय किया है और समय–समय पर उसे नई दिशा भी प्रदान की है। आज पाश्चात्य संस्कृति ने भले ही हमें भौतिकवादी संस्कृति दी है किंतु उससे हमें विकास तााि चिंतन की एक नई संकल्पना भी मिली है और इसने ''आवश्यकता आविष्कार की जननी है'' वाली बात को चरितार्थ किया है। नहीं तो आ भी हमारी स्थिति वैसी ही होती जैसे–

अजगर करे न चाकरी, पंछी करे न काम।
दास मलूका कह गए, सबके दाता राम।।

आज अगर हम परोपकार की बात करे तो पाते हैं कि पश्चिमी मुल्क से आई मिशनरियाँ अपने तन–मन–धन से मानव सेवा में संलग्न हैं 'सर्वधर्म समभाव' की संकल्पना को बेशक जन्म तो हमने दिया हैं किंतु हम ज्यादा समय तक उसका साथ नहीं दे पाए। और जब पश्चिम ने इस संकल्पना को विकसित किया तो तब जाकर हमारी आँखे खुली है और आज हम ''सर्वधर्म समभाव'' का राग अलापते नहीं थकते हैं।

शिवम गुप्ता, कक्षा नौ





मोबाइल फोन वरदान या अभिशाप - अभिशाप

"सादा जीवन उच्च विचार" कहते है न कि विचारों की उच्चता भी जीवन की सादगी का एक रूप हैं। परन्तु एक छोटे से मोबाइल के आने से यह कहावत ही पूरी गलत साबित होती हैं। क्योंकि इस इक्कीसवी सदी में उच्च विचार करने वाले वही कहलाते हैं जो अपना जीवन व्यतीत करते हैं। एक कहावत है जो अक्सर हम लोग बोलते हैं या कहा करते हैं कि – "दुनिया झुकती है, झुकाने वाला चाहिए"। झुकाने का अर्थ है अपने वश में करना। और वास्तव में भी यही हो रहा है। मोबाइल फोन हमस ब की दुनिया में एक अभिशाप की तरह आया है मोबाइल फोन एक ऐसा विषाणु बनता जा रहा है जो धीरे–धीरे पूरी दुनिया को अपने वश में कर रहा है। यदि हम अपने ही अड़ोस–पड़ोस में देखें तो ऐसा कोई घर नहीं है जहाँ मोबाइल फोन न हो। लोग बिना मोबाइल फोन की हानियाँ जानवर उसे अपना लेते हैं, सिर्फ यह देखकर कि वह मोबाइल फोन उनके पड़ोसी के पास भी है। क्योंकि कहते है न कि आदमी को अपने दुख से ज्यादा दूसरों की खुशी की फिक्र होती है। अतः लोग मोबाइल फोन उसके लाभ देखकर नहीं बल्कि एक शौक के लिए लेते है। और कब यह शौक घातक रूप ले लेता है पता ही नहीं चलता। पहले–पहले तो इन्सान को एक बिमारी सी लग जाती है, मोबाइल फोन रखकर और वह बीमारी यह होती है कि लोग बहुत परेशान हो जाते हैं जब उनके मोबाइल पर कोई घण्टी नहीं बजती। इसलिए लोगों को दिखाने के लिए लोग अपने मोबाइल का खर्चा बढ़ाते रहते हैं।

अतः इसका परिणाम यह निकलता है कि लोग अपने घर पर कम ध्यान लगाते हैं व वक्त बेवक्त नये–नये मोबाइल फोन खरीदते रहते है। बुरा वक्त तो तब आता हैं जब मोबाइल फोन का दुर्पयोग होने लगता हैं यदि मुझे इस युग के लोगों को उनकी जबान में समझाना पड़े तो मैं तो यही कहूँगा कि क्या आपने – "मुन्ना भाई एम. बी. बी. एस" देखी है। कैसे इस फिल्म के हीरो संजय दत्त जी मोबाइल फोन का दुर्पयोग करते हैं परीक्षा में नकल करके प्रथम स्थान पाते हैं। यह सब देखकर हमें सुननें को मिलता हैं कि कैसे परिक्षाओं में मोबाइल फोन का दुर्पयोग किया जाता हैं। यही नहीं हम कई बार समाचारों में भी सुनते हैं कि कैसे कालेजों में लड़के मोबाइल के दुर्पयोग से, जैसे एम. एम. एस वीडियों क्लिपिंग व आदि दुर्पयोग से लड़कियों को ब्लैक मेल करते हैं। तो अब क्या कहेंगे कि मोबाइल हमारे लिए एक वरदान है या अभिशाप? यह फैसला तो आप लोगों के हाथ में हैं इस मोबाइल फोन से युवा पीढ़ी के बड़े लोग ही नहीं परन्तु छोटे बच्चे ज्यादा बिगड़ रहे हैं हर घर में जहाँ छोटे बच्चे होते हैं वहाँ यह बात जरूर होती हैं कि छोटे बच्चों की इन्छा पूरी करनी है उनकी जिद की वजह से। छोटे बच्चे भी इच्छा पूरी करनी है उनकी जिद की वजह से। छोटे बच्चे भी बड़ों को देखकर मोबाइल की माँग करते है। माँ–बाप का सहारा समझने वाली युवा पीड़ी ने अपने माँ–बाप को देने वाले खर्चे में से कमी करके अपने मोबाइल का बिल बड़ा लिया है। क्यों –?सिर्फ दिखावे के लिए। तो इससे यह साबित होता है कि जो बच्चे कल का भविष्य है, उनका वर्तमान मोबाइल फोन ने इतना बिगाड़ दिया है कि इन बच्चों का भविष्य सोचकर कभी कभी डर लगता हैं। हमस ब का मानना यह है कि इक्कीसवी सदी के लोग बहुत आगे की सोचते हैं। मैं यह नहीं मानता क्योंकि लोग यदि आगे की सोचते हैं तो कभी मोबाइल फोन को वरदान का रूप न मानते। क्योंकि विज्ञान ने भी यह साबित कर दिया हैं कि मोबाइल की तरंगे कैंसर और मानसिक तनाव पैदा कर सकती हैं। और ता और मोबाइल फटने से कुछ लोगों की मृत्यु तक हो गई हैं। और क्या आप सब जानते नहीं कि मोबाइल को देर तक इस्तेमाल करने से उसकी बैटरी लो हो जाती हैं उसके लिए लोग क्या करते हैं? बिजली का इस्तेमाल या फिर हम हमें कि बिजली का खर्च? लोग दिन भर के कार्य से आते हैं और रात को मोबाइल फोन चार्ज के लिए रख देते हैं। सोचिए कितना खर्चा होता हैं बिजली का। अगर आप लोग सोचें कि मोबाइल फोन को बन्द करने से बिजली की कितनी बचत होगी। परन्तु आप यदि इन छोटी बातों में ध्यान नहीं देगें तो बड़ी बातों का समाधान कैसे मिलेगा। क्योंकि कहते हैं न कि "बूँद– बूँद से सागर बनता है" अतः हम लोगों के जीवन में छोटी बातों का ज्यादा महत्व होना चाहिये।

अंत में मैं यही कहना चाहूँगा कि जी हाँ मोबाइल फोन अभिशाप ही हैं फैसला आपका हैं कि आप क्या चुनते हैं।

शिवम गुप्ता, कक्षा नौ



प्रकृति और मनुष्य

प्रकृति और मनुष्य का संबध माता और पुत्र के संबध के समान हैं। यह सार्वभौमिक सत्य हैं कि कुपुत्र हो सकता है। पर माता कुमाता नहीं हो सकता। बिल्कुल ऐसा ही हुआ है प्रकृति के रूप में माँ के साथ मनुष्य ने कुपुत्र को भूमिका निभाई। प्रकृति को लगभग पूर्णतया नष्ट करने में मनुष्य ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मनुष्य स्वयं प्रकृति का एक अंश है। जिन तत्वों से प्रकृति का जन्म हुआ वे सभी तत्व मनुष्य के निर्माण में भी सहायक है। यह कथन अतिश्योक्ति नहीं होगा कि प्रकृति उसका स्वार्थ ही हैं स्वार्थी मनुष्य भूल गया कि वृक्ष की जिस डाल पर वह सुरक्षित बैठा हैं उसी को काट रहा है। सर्वनाश के अतिरिक्त मनुष्य को और कुछ हासिल नहीं हो सकता।

विकास की अंधी दौड़ में मनुष्य ने प्रकृति को हर प्रकार से हानि पहुँचाई है। इसमें सबसे अहम भूमिका आबाद जनसंख्या वृद्विकी रही हैं बढ़ती जनसंख्या को रहने के लिए घर, खाने के लिए अनाज एवं उसकी अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु बड़ी संख्या में वनों को निर्ममता से उजाड़ा गया। अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए मनुष्य ने वनों को काटा, समस्या सही नहीं है, उसने उसे पुनः रोपने की ओर लापरवाही बरती, प्रकृति विनाश का सबसे बड़ा कारण यही हैं ऊपर से औधोगिकरण एवं शहरीकरण ने प्रकृति पर कहर ही बरपा कर दिया। दुतगति से शहरीकरण ने जहाँ वनों का माटियामेट कर दिया वहीं प्रदूषण का भी काम किया हैं कल–कारखाने ने जहीं मनुष्य के जीवन को सुखमय एवं आरामदायक बना दिया है वहीं प्रदूषण का जखीरा भी खड़ा कर दिया है। विज्ञान रूपी भस्मासुर ने जहीं मनुष्य को ऐशोआराम एवं सुखमय जीवन प्रदान किया है, विकास की चरम सीमा तक पहुँचा दिया है वहीं उसके सर्वनाश का सामान भी तैयार कर दिया है। विकास ने मनुष्य को सभी प्रकार के प्रदूषणों का उपहार दिया है। प्रदूषण की समस्या ने अब वैश्विक समस्या का रूप धारण कर लिया हैं कल–कारखाने एवं वाहनों से निरंतर निकलने वाले धुएँ ने जहाँ वायुमण्डल को दूषित किया हैं वहीं ओजोन – परत को पतला बना दिया हैं भूमंडलीय – ऊष्णता का प्रमुख कारण भी यही है। धरती का तापमान यदि इसी गति से बढ़ता रहा तो वह दिन दूर नहीं जब धरती पर संपूर्ण जल का ? भाग जो ठोस रूप में पिघल जाएगा और धरती जलमग्न हो जाएगी। यही नहीं जल को भी दूषित कर दिया है। आज मनुष्य जल की बूँद–बूँद के लिए तरसता है। थोड़े से जल के लिए प्राण लेने एवं देने को तत्पर हो जाता है। विश्व भर में धरती – तल के घटते जल – स्तर ने विकट रूप धारण कर लिया है। विशाल जलस्रोत होते हुए भी धरती पर पेयजल का कतई अभाव हो गया है। इसी प्रकार ध्वनि प्रदूषण भी गंभीर समस्या का रूप धारण करता जा रहा है।

प्रकृति आज मनुष्य की सहचरी, जननी, प्राणदायिनी नहीं अपितु नीलकंठ बन गई है जो मनुष्य के दिए हर विषय को कंठगत करती जा हरी है। इसको अति होने पर विश्व की क्या दशा होगी, कल्पना ही भयानक है। प्रदूषण के विकार चहुँ और दृष्टिगत होने लगे है। दिन–प्रतिदिन होने वाले विभिन्न आसाध्य रोग,विविध आज्ञात रोग, जिनका इलाज असंभव हो जाता है, प्रतिदिन नवीन जीवाणुओं का प्रादुर्भाव होना, वैज्ञानिकों के लिए जहाँ परेशानियाँ खड़ी कर रहे है, वही मानव जीवन के लिए चुनौती भी बनते जा रहे है। प्रदूषण के इन भयानक परिणामों को देखकर अब मनुष्य का चेत जाना चाहिए। प्रकृति को मंजुल बनाने का प्रयास हमें अभी से आरंभ कर देनी चाहिए क्योंकि उसके सलोने रूप को विकृत करने में भी हम मनुष्यों का ही हाथ है।

जितना प्रकृति पर आप अपना प्रेम लुटाएंगे प्रकृति दोनों हाथ से आपको वह प्रेम और स्नेह लौटा देगी। प्रकृति मनुष्य से कुछ लेती नहीं, सब कुछ देती ही हैं फिर ऐसी सुंदर प्रकृति से शत्रुता, द्वेष की भावना कैसी, उसके प्रति इतनी लापरवाही कैसी। प्रकृति के साथ हमारा संबध जितना प्रगाढ़ होता जाएगा मनुष्य का जीवन दिन पर दिन उतना ही दीर्घ होता जाएगा।

निष्ठा चन्द्रा,कक्षा सात

Show of **Strength** and **Talent**

































Discipline is the base for national development
-Navprabhat



चुटकूलें



•एक लड़की ने अपनी शादी एक सैनिक से की। इस पर उसकी सहेलियों ने पूछा, 'तुमने सैनिक से क्यों शादी की?
'इसलिए कि सैनिक को जो भी हुक्म दिया जाता है, वह फौरन कर लाता है– लड़की ने कहा।

- प्रेमिका – मैं तुमसे विवाह नहीं कर सकती।
  प्रेमी – कब?
  प्रेमिका – विवाह के बाद।

- जीने पर चढ़ रहे बबलू ने अपनी दीदी से कहा – धीरे–धीरे चलो दीदी। दीदी ने पूछा क्यों?
  बबलू – हम गिर जायेंगे।
  दीदी – फिर क्या होगा?
  बबलू – हम मर जायेगे, तो मम्मी डाटेंगी।

- आप शादीशुदा है?
  नहीं, वैसे ही बहुत दुखी हूँ।

- कैदी – जेलर साहब, मेरी कोठरी में बल्ब नहीं हैं
  जेलर – अभी पावर पर कट आ गया है, इसलिए सिर्फ परमानेंट ग्राहकों को ही हम बिजली देते है।

- टीचर – क्यों नरेश, मक्खी और हाथी में क्या अंतर है?
  नरेश – सर, मक्खी हाथी पर बैठ सकती हैं जबकि हाथी मक्खी पर नहीं बैठ सकता।

- 'कल हमने एक दुश्मन का खात्मा कर दिया'। अभिनेता प्रेम चोपड़ा ने मनमोहन से कहा। 'किस तरह उसका खात्मा किया?मनमोहन ने आश्चर्य से पूछा?'
  उस दोस्त बना लिया।' प्रेम चोपड़ा ने कहा।

- अंजु महेन्द्रू ने मौसमी चटर्जी से पूछा – विवाहित एक्ट्रेस शूटिंग के समय अपने बच्चों को साथ क्यों नहीं लाती?
  मौसमी चटर्जी ने जवाब दिया – पतियों को भी तो घर पर कोई काम करना चाहिए।

- किसी ने दिलीप कुमार से पूछा – क्या आप चुम्बन के हक में हैं?
  नहीं।
  क्यों?
  बूढ़े बुजूर्ग कह गये हैं कि औरत को मुँह नहीं लगाना चाहिये। दिलीप ने अपने खास अंदाज में कहा।

- 'यदि मेरी पहली फिल्म हिट हो गयी तो तुमको मुझसे शादी करनी पड़ेगी।' डायरेक्टर ने अपनी फिल्म की हीरोइन से कहा।
  स्वीकार है, और यदि फिल्म फ्लाप हो गई तो.....?' हिरोइन ने पूछा।

- 'डैडी!' बच्चों ने अपने पापा से पूछा – कुछ फिल्मी स्टार्स मंदिर में भी धूप का चश्मा लगाकर जाते हैं?पापा ने जवाब दिया – उन्हें डर रहता हैं कि कहीं भगवान उन्हें पहचानकर आटोग्राफ न माँग बैठे।

- एक सज्जन ने अपने मित्र से कहा – तुमने मेरी बरसाती क्यों पहन रखी है?
  मित्र ने जवाब दिया – 'तुम्हारे सूट को बचाने के लिए।'

स्वेता वैश, कक्षा सात



कुछ जानकारियाँ

1. सबसे बड़ी झील – बूलर झील (कश्मीर)
2. सबसे ऊँचा पुल – चम्बल पुल
3. सबसे लम्बा पुल (नदी पर) – महात्मा गाँधी सेतु (बिहार)
4. सबसे बड़ा रेगिस्तान – थार (राजस्थान)
5. वह कौन–सा जीव हैं, जो पलकें नहीं झपकाता – मछली
6. सबसे तेज दौड़ने वाला जानवर कौन सा है – – चीता 60 कि.मी. प्रति घण्टा
7. कौन–सा जानवर है, जो घायल होने पर आदमी की तरह रोता हैं – भालू
8. हवाई जहाज की गति बताने वाले यंत्र का क्या नाम हैं – हैकोमीटर
9. ताजमहल को कितने कारीगरों ने कितने समय में बनाया? उसमें कितनी लागत आयी? – ताजमहल को 20,000 कारीगरों ने 20 वर्ष में बनाया, इसके बनाने में

10. सबसे ऊँचा द्वार – बुलन्द दरवाजा

गुलशन बानो, कक्षा नौ



क्या आप जानते है?

?

गुरू कौन हैं?	–भगवान से बढ़कर
माता पिता कौन हैं?	–जन्नत से बढ़कर
भाई कौन है?	–सबसे प्यारा दोस्त
बहन कौन है?	–माँ जैसी
काम क्या है?	–पूजा
आलस्य क्या है?	–राक्षस
प्यार क्या है?	–एक सुंदर एहसास
साथ क्या है?	–एकता
घर क्या है?	–मंदिर, मस्जिद और गुरूद्वारा
कोशिश क्या है?	–एक आशा
दोस्ती क्या है?	–वजूद प्यार का
दुश्मनी क्या है?	–वजूद नफरत का
जिंदगी क्या है?	–पहेली बुझाने की
मौत क्या है?	–नए जीवन की शुरूआत

चुटकुले

1. एक माँ अपने शरारती बच्चे को डांटते हुए बोली कि बेटा तुमने आज फिर से लड़ाई की बेटा तुमने आज फिर से लड़ाई करी, देखो इसका परिणाम तुमने अपने दो दांत खो दिये।
शरारती लड़का – नहीं मां मेरे वे दो दांत अभी भी मेरी जेब में है।

2. एक माँ अपने बेटे से कहती है कि बेटा अपनी यह बांसुरी बाहर जाकर बजाओ तुम्हारे पिता अच्छी तरह से समाचार पत्र नहीं पढ़ पा रहे हैं।
बेटा बोला – शर्म की बात है मां मैं तो केवल बारह वर्ष का हूं लेकिन फिर भी, समाचार पत्र अच्छी तरीके से पढ़ लेता हूं।

3. एक मित्र दूसरे मित्र से कहता है कि आज का परीक्षा पत्र कैसा गया।
दूसरा मित्र – परीक्षा पत्र तो बहुत अच्छा गया क्योंकि उसके अन्दर मैंने कुछ भी नहीं लिखा जैसा दिया था उसी प्रकार साफ सुथरा वापस कर दिया।

3. एक बार दो अंग्रेज एक अनपढ़ ढाबे वाले के पास गए और बोला टू कप टी
ढाबे वाले ने सोचा कि यह मुझे कपटी बोल रहा है इसलिये वह भी बोल पड़ा तू कपटी तेरी मां कपटी तेरा सारा खानदान कपटी।

अमित सेमवाल, कक्षा छः

खील ;क्यों

- अगर श्री कृष्ण को मिल जाते अमूल (घी, मक्खन) के डिब्बे तो वे मक्खन चुराते क्यों ?
- अगर इन्द्र को मिल जाते अणु व परमाणु बम तो वे दधिची की अस्थियों का बज्र बनाते क्यों ?
- अगर पृथ्वी में प्रकाश की सुविधा उपलब्ध होती तो ऐडिसन बल्ब बनाते क्यों ?
- अगर गांधी जी देश विभाजन में साथ नहीं देते तो नात्थूराम गोडसे उन पर गोली चलाते क्यों ?
- अगर देश में एकता और संगठन होता तो ब्रिटिश देश को गुलाम बनाता क्यों?
- अगर गांव–गांव तथा शहर–शहर का उद्देश्य शिक्षा का प्रसार होता तो लोग अनपढ़ व बेरोजगार रह जाते क्यों ?
- अगर देश में जात–पात ऊंच नीच का भेदभाव न होता तो देश आज अविकसित रह जाता क्यों ?
- अगर देश के नेता भ्रष्टाचार न फैलाते तो लोकतंत्र प्रभावित होता क्यों ?

विवके शर्मा, कक्षा छः



आत्मविश्वास

(मन के हारे हार हैं मन के जीते जीत)

आत्मविश्वास ही सफलता का आधार हैं। जिस व्यक्ति के मन में आत्मविश्वास नहीं होगा वह व्यक्ति कभी विजय नहीं प्राप्त कर सकता। विजय का आधार स्तभं आत्मविश्वास ही हैं। आत्मविश्वास आने पर पैरों में बिजली जैसी तेजी आ जाती है, जो मनुष्य को सफलता तक ले जाती हैं।

मानसिक शक्ति के बल पर मानव में आज असंभव को संभव कर दिखाया है, समय को अपने वश में कर लिया है, अगर मनुष्य के अन्दर मनोबल हैं तो वह परमात्मा को भी पा सकता है। यदि मनुष्य का मन भर जाए और हिम्मत टूट जाए तो उसका शरीर भी निष्क्रिय हो जाता है।

शास्त्रों में मन को ही इन्द्रियों का राजा माना गया है। गीता में मन को चंचल बताया गया हैं मन को वश में करना बहुत कठिन कार्य है जो व्यक्ति अपने मन पर काबू पा लेता है उसे जीवन में तरक्की करने से कोई नहीं रोक सकता।

1. महाराजा रणजीत सिंह की सेना नदी के उफान को देखकर सहम गई। रणजीत सिंह ने ललकारा 'आगे बढ़ो' और उन्होंने घोड़ा नदी में डाल दिया सारी सेना पार उतर गई।

2. विश्व विजेता नेपोलियन ने कहा था, "असंभव का शब्द मूर्खो के शब्द कोश में मिलता हैं। असंभव शब्द खुद कहता हैं कि वह संभव है।" जिसके मन में आशा है, उत्साह हैं, विश्वास हैं, वह विपत्तियों में भी मुस्करा सकता हैं।
   एक कवि ने कहा है:–
   संघर्ष ये हटकर जिए हम या कि तुम।
   जो नत हुआ वह मृत हुआ ज्यों वृंत से झड़कर कुसुम।।

कौरव सभी प्रकार की शक्तियों से संपन होते हुए भी पराजित हुए क्योंकि पांडवों के मन में जीत के प्रति आत्मविश्वास था। मन की दृढ़ता के कारण कालिदास जैसा मूर्ख संस्कृत का सर्वश्रेष्ठ कवि बन पाया। इन्सान के अन्दर आगे बड़ने का जज्बा होना चाहिए। उसे यह सोचना हैं कि उस या तो "करना है या फिर मरना है" तभी वह अपने कार्य को मन लगााकर करता हैं व्यक्ति का कर्तव्य है किवह अपने मन को दुर्बल न होने दें इसलिए पराजय के क्षणों में धैर्य बनाए रखना चाहिए। जिस प्रकार राजा ब्रूस स्काटलैंड को राजा ने अपने देश को स्वतन्त्र कराने के लिए अंग्रेजों के विरूद्वकई युद्वलड़े, परन्तु हर बार वह असफल हुआ। अन्त में वह निराश होकर युद्व के मैदान से भाग गया और एक गुफा में जा छिप गया। अचानक उसने देखा कि एक मकड़ी अपने जाल को बुनते हुए नीचे गिर पडी हैं। मकड़ी ने जाले तक पहुँचने का कई बार प्रयत्न किया परन्तु हर बार नीचे गिर गई। अचानक मकड़ी गिर कर बेहोश हो गई। ब्रूस ने सोचा कि मकड़ी अब प्रयत्न करना छोड़ देगी, परन्तु मकड़ी ने फिर होश संभाला। उसने पूरी वीरता से छलांग लगाई और वह अपने जाले पर पहुँचने में सफल हो गई। राजा ब्रूस को मकड़ी से प्रेरणा मिली। वह आशा से भर गया, उसने एक भारी सेना एकत्रित करी और अंग्रेजों पर आक्रमण कर दिया। उसका यह अन्तिम प्रयास सफल हुआ।

अतः यह सच है कि मन के हारे हार है, मन के जीत जी। शरीर से भले ही कोई बच्चा शक्तिशाली हो लेकिन दूसरा बच्चा जो शरीर से भले ही दुर्बल हैं लेकिन मन से शक्तिशाली है कोई भी कठिन परिस्थिति का डट कर मुकाबला कर सकता हैं।

मंजू बहुगुणा, कक्षा दस



उत्तरकाशी के प्रमुख स्थान

वरूणा एवं अस्सी गंगा के मध्य होने से इसको वाराणसी भी कहा जाता है किन्तु उत्तर दिशा में होने से यह उत्तरकाशी नाम से विख्यात है। भगवती भागीरथी के तट पर अवस्थित यह स्थान अत्यन्त पवित्र है। भगवान काशी विश्वनाथ का ज्योतिर्लिंग एवं शक्ति माता का प्राचीन शक्ति स्तम्भ भगवान परशुराम का प्राचीनतम मन्दिर, काल भैरव आदि के मन्दिर हैं।

उत्तरकाशी से उत्तर दिशा की ओर 4 कि.मी. की दूरी पर अस्सी गंगा एवं भागीरथी का संगम होता है। यहीं पर गर्म पानी वाली नदी है जिसे मुद्गल नदी कहते हैं। इसलिए इसे त्रिवेणी के नाम से जाना जाता है। यह ऋषि मुदगल का तपस्थल है। यहीं से थोड़ी दूरी पर प्राचीन आयाणा देवी का मन्दिर है। अस्सी गंगा का उद्गम स्थल डोडीताल तीर्थ धाम है जो उत्तरकाशी से 34 कि.मी. बस से तथा 20 कि.मी. पैदल मार्ग है, यहां की प्राकृतिक सुषमा अनुपम है। यहां पर जंगली हिरनों के दर्शन भी होते हैं। यह दुण्ढ़िराज का जन्म स्थान तथा माता अन्नापूर्णा का दरबार एवं कैलाशवासी महादेव का निवास माना जाता है। यहां से 11 कि.मी. चौलादूणी नामक स्थान में गर्म पानी तथा ठण्डा पानी के दो दिव्य झरने एक साथ निर्झर होते हैं। वरूणा संगम एवं उद्गम तक जगन्नाथ ज्वाला जी ज्ञानेश्वर, कण्डार देवता आदि तीर्थ स्थान हैं।

इस प्रकार उत्तरकाशी के प्रमुख स्थानों का अत्यन्त सूक्ष्म वर्णन किया है। उक्त स्थानों का दर्शन करने पर अति आनन्द की अनुभूति होती है।

नीधि डोभाल, कक्षा दस

चुटकुले

- तीन दोस्त थे, बेहरा, लंगड़ा, अंधा।
  बेहरा बोला – मुझे कुछ चोरों की आवाज सुनाई दे रही है।
  अंधा बोला – हां, मुझे दिखाई दे रहे हैं।
  लंगड़ा बोला – चलो–चलो उनको पकड़ते हैं।

- दो दोस्त थे। एक के सिर पर काले घने बाल थे और एक गंजा था।
  गंजे ने दोस्त से पूछा – तुझे इन बालों से परेशानी नहीं होती।
  दोस्त कहता है – नहीं, मुझे तो बोझा ढोते समय सिर में कपड़ा नहीं रखना पड़ता, लेकिन तुझे अपने गंजे सिर से कुछ परेशानी होती है। तो गंजा कहता है – नहीं मुझे कुछ परेशानी नहीं होती, लेकिन मुंह धोते समय मुझे पता नहीं लगता कि मेरा मुंह कहां तक है।

- एक कढ़ाई और एक कुकर
  कुकर कढ़ाई से बोलता है – चल हट मेरे सामने से, तू बहुत काली है।
  कढ़ाई बोलती है – तो फिर तू मुझे देखकर सीटी क्यों मारता है।

आशिमा धनाई, कक्षा छः



विज्ञान अभिशाप है या वरदान?

अंधविश्वास के अंधकार से निकलकर मानव ने बुद्विऔर तर्क की शरण ली। इस तरह विज्ञान का विस्तार होने लगा। विज्ञान धर्म ग्रन्थें या उपदेशो में कही बातों को तब तक सत्य नहीं मानता। जब जक किवह तर्क द्वारा या आँखों के प्रत्यक्ष प्रमाण द्वारा तर्क सिद्वन हो जाए। इस प्रकार धर्म और विज्ञान दो विरोधी धाराएँ हो गई। धर्म की आड़ में जो लोग अपनी स्वार्थ सिद्विकर रहे थे उनके हितों को विज्ञान से काफी धक्का पहुँचाया।

विज्ञान ने मनुष्य को असीमित शक्तियाँ प्रदान की हैं। विज्ञान के कारण ही समय व स्थान की दूरी की बाधाएँ खत्म हो गई है। और कई गम्भीर रोगों पर विजय प्राप्त करने में सफलता मिली है। आज विश्व विज्ञान रूपी स्तम्भ पर टिका हुआ है। यही कारण है कि वर्तमान युग विज्ञान युग कहलाता है। विज्ञान की इस आशा की सफलता व उन्नति का श्रेय विश्व के कुछ देशों को जाता हैं। इनमें जापान, अमेरिका, जर्मनी, रूस, इग्लैंड आदि देश शामिल हैं इन देशों में एक से बढ़कर एक आविष्कार कर विज्ञान को चरम सीमा तक पहुँचा दिया है। विज्ञान से अभिप्राय प्राकृतिक शक्तियों के विषय ज्ञान से हैं। विज्ञान से हम किसी भी चीज का ऊपरी अध्ययन न करके उसकी तह तक पहुँचने का प्रयत्न करते है।

विज्ञान भौतिक जगत की घटनाओं जैसे सूर्य, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र आदि चिकित्सा, जीव, वनस्पति, पशु–पक्षी, तथा मनुष्य जगत का सब प्रकार से गंभीर अध्ययन करता है। पृथ्वी के गर्भ में स्थित तरह–तरह की धातुओं, मिट्टी के विभिन्न प्रकार, वातावरण, समुद्र की गहराई व पर्यावरण का अध्ययन भी करता हैं। विज्ञान में चिन्तन, तर्क, प्रयोग तथा परीक्षण के बिना किसी बात को ठीक नहीं माना जाता। विज्ञान प्रत्यक्ष में विश्वास रखता है। परोक्ष में नहीं आज ऐसा कोई भी क्षेत्र नहीं हैं जिसमें विज्ञान की पहुँच न हो। हमारे जीवन को सुख सुविधा सम्पन्न बनाने में भी विज्ञान का ही हाथ है। आज विज्ञान द्वारा रेलवे, मोटर, ट्राम, मेट्रो रेल, जलयान, वायुयान, राकेट आदि बनाए जा चुके है। जिनके द्वारा स्थान की दूरी में भारी कमी आई है। यातायात के इन साधनों से मानव को पहुँचने में जहां वर्षो या महीनों लग जाते थे अब उन स्थानों पर विज्ञान के कारण वह कुछ ही दिनों में या घंटो में पहुँच जाता है। इसका सबसे अच्छा उदाहरण चाँद की यात्रा है।

विज्ञान के साधन द्वारा हम केवल दूर से दूर स्थान पर ही नहीं पहुँच सकते अपितु सैकड़ो किलोमीटर की दूरी पर रखी वस्तुओं को देखने में भी हम समर्थ हो गए हैं। आज टेलीफोन द्वारा न केवल हजारों किलोमीटर दूर स्थित किसी नगर में घटी घटना को देख सकते हैं बल्कि उसका आँखों देखा हाल भी सुन सकते है। विज्ञान ने सूचना प्रौघौगिकी क्षेत्र. में कम आश्चर्यजनक चमत्कार नहीं किया हैं। तार, टेलीफोन, सेलुलर फोन, इंटरनेट, कम्पयूटर आदि यंत्रों द्वारा समाचारों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर संचार किया जा रहा है। एक समय था जब किसी को संदेश भेजने में हफ्ते से माह भर तक का समय लग जाता था लेकिन आज स्थिति कुछ और है।

मुद्रण के क्षेत्र में भी विज्ञान द्वारा इतनी तेजी आ गई है कि समाचार पत्र या पुस्तक की हजारों प्रतियां जरा सी समय में छप जाती हैं। चिकित्सा क्षेत्र में भी विज्ञान की मदद से उपचार की नई नई तकनीकें आई हैं इन तकनीकों के कारण कुछ मामलों में तो शल्य–चिकित्सा की आवश्यकता ही नहीं रह गई। इनके अलावा कई ऐसे कम्पयूटर चालित उपकरण आ गए हैं जो खुद–ब–खुद रोगी के शरीर की जांच कर रोग का पता लगा लेते हैं। इसके अलावा कुछ ऐसे उपकरण भी हैं जिनसे मानव अपने भीतरी अंगों को देख सकता हैं व उनमें जो कमी हैं वह भी यह उपकरण दिखा देते हैं। विघुत क्षेत्र में भी विज्ञान का योगदान कम नहीं हैं। कोयले से चलने वाले बिजली घर अब गैस व बिजली से ही काम करने लगे हैं। ऐसे और अन्य कई क्षेत्र हैं जिनमें विज्ञान ने चमत्कार का काम किया हैं।

विज्ञान द्वारा ही गई नित नई–नई खोजो से जहां लाभ हुआ है वहीं कई हानियां भी हुई है। स्वचालित हथियारों, पनडुब्बी, विमान भेदी, तोपें, विषैली गैस, परमाणु बम आदि भी विज्ञान की ही देन हैं। नवीनत्तम उपकरणों व यंत्रो का प्रयोग करते समय जरा सी भी भूल मानव जीवन को नष्ट कर सकती है। आकाश में उड़ता विमान थोड़ी सी खराबी आने पर उसमें सवार सैकाड़ों यात्रियों को परलोक पहुँचा सकता हैं। जिनका प्रयोग मानव हित में नहीं हैं। इसलिए यह कहना बड़ा मुश्किल है कि विज्ञान मानव का शत्रु है या मित्र। हालांकि इन सब चीजों का उपयोग और दुरूपयोग करना मानव के हाथ में ही है। वैज्ञानिक अनुसंधानों तथा यंत्रो का प्रयोग मानव हित में ही किया जाना चाहिए।

वसुंधरा, कक्षा दस

रथ समय का

रथ समय का चलता जाये,
देखो कभी तुम पिछड़न जाओ ।
बिछड़ गये तो बहूत पछताओगे,
समय को तुम न रोक पाओगे ।
कल गया जो फिर न लौटा,
छोड़ो कल को अब न देखो ।
आज मिला जो तुम को मौका,
उस पर फौरन अमल करो तुम ।
आज अगर खो दिया तुमने,
हाथ अपने मलते रह जाओगे ।
सहारा तुम बन सको किसी के,
ऐसा कोई जतन करो ।
सहारा तुम न माँगो कभी,
ऐसा ही तुम प्रयत्न करो ।
समय कभी क्या रुका है,
जो अब रुकेगा तुम्हारे लिये ।
काम दिया है जो तुम को आज,
आज ही उसे पूरा करो।
पालन समय का करके तुम,
दुनियाँ में खूब नाम कमाओगे ।
प्रिय बन जाओगे उनके,
जो तुम को ताने मारते है ।
तरसते हो जिन सुखों के लिए ,
उनसे दामन तुम्हारा भर जायेगा ।
रथ समय का तब आंगन में तुम्हारे,
अठखेलियाँ करता नजर आयेगा ।

अनिष्का धनाई, कक्षा पाँच

क्षमा के समान इस जगत में दूसरा तप नहीं।

(म. बुद्ध)

ईश्वर का भय नही ज्ञान का उदय है।

(बाईबिल)



एक नया इन्सान

एक नया इन्सान बनो
एक नयी सोच बनाओ
एक नया सपना देखो
एक नया इन्सान बनो
एक नया प्लान लिखो
एक नई जिन्दगी बनो।

मोनिका चन्द्र, कक्षा सात

मेरी कविता

जन्म जब होता है तो हर प्राणी छोटा होता है,
इसलिए मेरी कविता उम्र में थोड़ी छोटी है,
थोड़ा नटखट चंचल और थोड़ी समझ से मोटी है।
संवारना चाहकर भी मैं इसे संवार नहीं पा रही हूँ,
यही कारण है कि मैं इसे आपसे मिलवा रही हूँ।
आगोश में रात को इसको अपने सुलाती हूँ,
सुबह इसे बागों और झरनों की सैर कराती हूँ।
सैर से आकर इसे मलमल से नहलाती हूँ,
इस पर खूब क्रीम पावडर लगाती हूँ।
कविता मेरी अभी बोलना सीख रही है,
भाषा इसकी इसलिए ही तुतला रही है।
आज संसार में इसका पहला कदम है,
इसलिए थोड़ा डगमगा रही है।
अंगुली इसकी पकड़कर चलना सिखा रही हूँ।
एक दिन यह अंगूर की बेल की तरह बढ़ेगी,
कल्पना नहीं की मैंने जिस क्षितिज की उसको पल भर में छू लेगी।
तब मैं इसे नानी कहकर पुकारुँगी।
क्योंकि यह कोई कवि की कविता नहीं
माँ की दुलारी पापा की लाडली
मेरी प्यारी बहिना है।
जिसके साथ मुझे सदा रहना है।
ये मेरी प्यारी बहना है, प्यारी बहिना है।

अनिष्का धनाई, कक्षा पाँच



देखो हँस न देना



❖ पापा – बेटा तुम्हारी कक्षा में सबसे परिश्रमी विद्यार्थी कौन है?
बेटा – मैं हूँ।
पापा – वह कैसे?
बेटा – क्योंकि सारे बच्चे बैठकर पढ़ाई करते है और सिर्फ मैं ही पीछे बैंच पर खड़ा रहता हूँ।

❖ अध्यापिका ने छात्रा से पूछा – 'वर्षा होने पर बिजली क्यों चमकती है?'
छात्रा ने जवाब दिया – 'मैडम, इन्द्र देवता टॉर्च जलाकर देखते है कि कहीं सूखा तो नहीं रह गया है।'

❖ टीचर (टीना से) – 'बताओं पृथ्वी और चन्द्रमा में क्या संबध है?'
टीना – 'सर, भाई–बहन का।'
टीचर – वह कैसे?
टीना – क्योंकि पृथ्वी को हम माता कहते है और चन्द्रमा को मामा।

❖ बेटा (मम्मी से) – मम्मी हम स्कूल क्यों जाते है?
मम्मी – इंसान बनने के लिए।
बेटा – मगर मास्टरजी तो मुझे रोज मुर्गा बना देते है।



ऋतिक रावत, कक्षा दो

चुटकुले

▪ दो दोस्त आपस में बात कर रहे थे।
पहला – आज रास्ते में एक व्यक्ति चलते–चलते गिर गया तो सब हँसने लगे किन्तु मैं नहीं हँसा।
दूसरा – भई तुम क्यों नहीं हँसे?
पहला – वो गिरने वाला मैं ही तो था।

▪ एक बार एक आदमी की पहलवान से लड़ाई हो गई। पहलवान ने उसे एक थप्पड़ मार दिया।
आदमी – तुमने मुझे मजाक में मारा या गुस्से में?
पहलवाल – गुस्से में।
आदमी – तब ठीक है क्योंकि मजाक मुझे पसन्द नहीं।

अमन फ्रांसीस, कक्षा सात

1. **जो तुमसरे घृणा करे तुम उसकी भलाई करो।**
(ईसा मसीह)
2. **सबसे उत्तम बदला क्षमा कर देना है।**
(गांधी जी)



माँ

हर जग की शुरूआत माँ से हुई उसने हमें चलना सिखाया पड़ा लिखाकर लायक बनाया। और फिर पत्नी के रूप में हर जन्म को साथ निभाया। पर आजकल के लोग कहाँ यह सोचते है वह तो यह सब भूल ही गए कि माँ की पायल की रून–झुन चूड़ियों की खन–खन से ही आरम्भ होता है बच्चे का भाषाई सफर क्योंकि यहीं तो वह रून–झुन व खन–खन की आवाज है जो बच्चे की बधि कराती हैं अपनी माँ के आने जाने का परन्तु इन सब बातों के बावजूद लोग गर्भपात कराते व करवाते है, जब उन्हें पता चलता है कि कोई माँ एक लड़की को जन्म देने वाली है। यह इक्कीसवीं सदी है परन्तु लोगों की सोच अभी तक पुरानी है। इसे युग के लोगों का अभी तक मानना है कि यह जग आदमियों का रहा हैं कि यह जग आदमियों का रहा हैं और आदमियों का ही रहेगा। परन्तु लोग यह क्यों भूलते है कि यह जग एक औरत से बनता है वह एक औरत से ही आगे बढ़ता है। हम किसी भी क्षेत्र में देखें तो हमें वहाँ लड़के ही नहीं परन्तु लड़कियाँ भी देखने को मिलती है। और यह ही नहीं, कुछ क्षेत्रों में तो लड़कियाँ लड़को को मात भी दे रही हैं तो क्यों लड़की के होने पर गर्भपात कराए जाते हैं। मैं मानती हूँ कि अब इस गुनाह पर जेल होती व जुर्माना भी भरना पड़ता हैं पर छोटे शहरी व जगहों में तो यह अभी भी दिखने व सुनने को मिलता है। अब तो बस यह ही चाह है कि लोगों की सोच बदले और वह लड़कियों का पक्ष लें। मैं यहाँ लड़कों का अपमान नहीं कर रही हूँ परन्तु दोनों की बराबरी देने की बात कर रही हूँ।



कनिका नेगी
कक्षा दस



Sr. Nirmala & Community



Sitting L to R Sr. Fatima Kinny, Sr. Florence Pinheiro, Sr. Mary Angels
Standing L to R Sr. Assuciana, Sr. Nirmala, Sr. Greta D' Souza

Teaching Staff



Sitting L to R Ms. Annie, Ms. Anupama, Sr. Assuciana, Ms. Nandita, Sr. Greta D' Souza, Ms. Anna Dilawar Sr. Nirmala, Ms. Rajni Aikant, Ms. Anju Rana, Ms. Ritu Beri

Standing First Row - L to R Mr. Anil Riwari, Ms. Pooja Thapa, Ms. Tulika, Ms. Mona, Ms. Malini. Ms. V. Sharam Ms. Rekha Singh, Ms. Vatsala Singh, Ms. Harkamal, Ms. Shalini, Ms. Caroline, Mr. P. Kapoor, Mr. V. Kumar

Second Row L to R - Mr. B. S. Rawat, Ms. Meenu, Ms. Anjali, Ms. Kanchan, Ms. Ritika

Sr. Nirmala And Helper's



Sitting L to R Smt. Sunita, Sr. Greta D' Souza, Sr. Nirmala, Smt. Pushpa
Standing L to R Shri Dayal Singh, Shri Hari Ram, Shri Ram Raj, Shri Dhan Bahadur Shri Manoj Thapa, Shri Jai Prakash, Shri Mukesh

IIIrd ICSE Batch





LKG

UKG





IA

IB





II

IIIA





IIIB

IVA





IVB

VA






VB

VIA





VIB


VII





VIII

IX







Printed at Microsoft Technoprint (I) Pvt. Ltd. DDun. Ph. 2715092